
**खबर संक्षेप**

### अनमोल भारद्वाज को इतिहास विषय में पीएचडी



**छिंदवाड़ा।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की विज्ञप्ति क्रमांक 268/109-24 के अनुसार अनमोल भारद्वाज को इतिहास विषय में शोध "सतपुड़ा क्षेत्र का सांस्कृतिक परिवेश : एक ऐतिहासिक अध्ययन 1861 से 1975 ई." विषय पर पी-एच.डी. उपाधि प्रदान की गई है। अनमोल ने यह शोध कार्य डॉ. महेंद्र गिरि, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय तामिया के निर्देशन में एवं डॉ. विजेता चौबे प्राध्यापक, शासकीय जे.एच. महाविद्यालय बैतूल के सह-निर्देशन में संपन्न किया है। अनमोल ने सफलता का श्रेय अपने गुरु डॉ. पी.एस. भाटिया सेवानिवृत्त प्राध्यापक, पी.जी. कॉलेज, छिंदवाड़ा एवं माता-पिता, भाईयों, मित्र बंधुओं को दिया है।

### सोनाली गाडरे ने यूजीसी नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण



**छिंदवाड़ा।** बिछुआ शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के हिंदी विभाग की छात्रा ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता पाई। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शशि उईके ने बताया कि एम ए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सोनाली गाडरे ने वर्ष 2025 जून माह की यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है ग्राम गोनावाडी निवासी श्री कोमल प्रसाद गाडरे एवं श्रीमती पुष्पा गाडरे की पुत्री सोनाली ने अपनी सफलता का श्रेय हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शशि उईके,स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.नीरज खंडागले व भाई राहुल गाडरे,प्रवीण पराड़कर एवं शिक्षक श्री परमाल चौरे एवं माता-पिता को दिया। छात्रा की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर पी यादव एवं आइक्यूएसी संयोजक डॉ.अजीत डेहरिया एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

## सीवर लाइन कार्य को लेकर महापौर विक्रम अहके सख्त

# आयुक्त को लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन की राशि काटने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



नगर निगम छिंदवाड़ा क्षेत्र में सीवर लाइन डालने का कार्य कर रही लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रति नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर विक्रम अहके ने सख्ती दिखाते हुए कार्य ठीक करने की हिदायत दी एवं सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय की उपस्थिति में निगम मुख्यालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक में कंपनी के कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देश जारी किए गए। महापौर विक्रम अहके ने कहा कि लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़कों को खोदकर सीवर लाइन बिछाने के बाद उनका समुचित रिस्टोरेशन (पुनः निर्माण) कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा, जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। इस पर महापौर ने निर्देशित किया कि सीवर लाइन डालने के बाद सड़क रिस्टोरेशन का कार्य सावधानीपूर्वक एवं तय मानकों के अनुसार किया जाए, जिससे नागरिकों को असुविधा ना हो। कार्य प्रारंभ करने से पहले संबंधित वार्ड के पार्षद और उपयंत्री को सूचित करना अनिवार्य होगा, जिससे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी कार्य की निगरानी कर सकें। महापौर विक्रम अहके के निर्देश पर आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 1800-233-4008 जारी किया गया है, जिस पर नागरिक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, सहायक यंत्री ब्रजेश पांडे, विवेक चौहान सहित निगम के समस्त उपयंत्री एमपीयूडीसी पीआईयू से डीपीएम लीलाधर द्विवेदी, राहुल ताम्रकार, अर्चना सिंह ठाकुर एवं लक्ष्मी सिविल इंजीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर भीम सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार्यों पर असंतोष, भुगतान में कटौती के निर्देश

महापौर विक्रम अहके ने अब तक हुए कार्यों को "असंतोषजनक" बताते हुए नाराजगी व्यक्त की और नगर निगम आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन को भुगतान की जाने वाली राशि में आनुपातिक कटौती की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा, तब तक निगम की ओर से कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

### जल प्रदाय लाइन को क्षतिग्रस्त न करें

सीवर लाइन डालने के दौरान शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था पर असर न पड़े, इसके लिए भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि सीवर गड्ढे की खुदाई के दौरान जल प्रदाय की लाइन क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के तकनीकी अधिकारी कार्य की सतत निगरानी करें।

### पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

महापौर और आयुक्त दोनों ने स्पष्ट किया कि शहर के बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों में कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नागरिकों की सुविधा और शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं होने पर लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के खिलाफ अनुबंध की शर्तों अनुसार कठोर कार्रवाई भी की जा सकती है।

# 400-500 किसानों को यूरिया खाद का किया जा रहा वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चौरई

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रभात मिश्रा के दिशा निर्देशन में विकासखंड चौरई में डबल लॉक केंद्र के माध्यम से एवं मार्केटिंग समिति चौरई से रोज 400 से 500 किसानों को यूरिया आसानी से वितरण किया जा रहा है किसानों को सुबह टोकन देकर किसान अपनी सुविधा अनुसार वाहनकी व्यवस्था कर आसानी से यूरिया प्राप्त कर पा रहे हैं आगामी समय हेतु डबल लॉक केंद्र में 317 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है जो वितरण चल रहा है एवं निजी विक्रेताओं के यहां 125 मैट्रिक टन भंडारन है जिसका वितरण निजी विक्रेता कृषि विस्तार अधिकारियों की निगरानी में कर रहे हैं कृषक बंधुओ से अपील है कि यूरिया पर्याप्त आ रहा है एवं सुचारु रूप से वितरण चल रहा है किसी भी प्रकार की यूरिया की कोई कमी नहीं है पर्याप्त यूरिया आ रहा है और सभी किसानों को दिया जाएगा।

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**परासिया।** ब्लाक महिला कॉंग्रेस परासिया के द्वारा आज माननीय राज्यपाल महोदय जी के नाम एस ,डी, एम, महोदय जी को ज्ञापन सोपा गया । ब्लाक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अंजलि श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप चाप बैठी है । महिलाए पर प्रति दिन अत्याचार हो रहे है । नाबालिक कन्याओं का शोषण हो रहा है । जिला अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि अगर महिलाओं पर अत्याचार नही रोका गया तो महिला कॉंग्रेस उग्र आन्दोलन करेगी । प्रदेश की गूँगी बेहरी सरकार महिलाओं की रक्षा करने में असमर्थ है । वर्तमान में ग्राम अम्बाडॉ में 2 बच्चियां गायब है । प्रशासन ने अभी तक उनकी कोई खोजबीन नही की है । महिला कॉंग्रेस ने कार्यालय से रैली निकाल कर एस, डी, एम, कार्यालय में जाकर ज्ञापन सोपा । कार्यक्रम में सर्व श्री किरण चौधरी जिला अध्यक्ष संगीता ठाकुर नंदा ठाकुर रजिया बानो प्रतिभा सोनी जिला उपाध्यक्ष । एवं नगरअध्यक्ष सावित्री वर्मा परासिया । ज्योति कैथवास चांदामेटा । तनु श्री भट्टाचार्य न्युटन । शिवा रावतेल बड़कुही । मंजू डेहरिया इकलेहरा रीना बावरिया ।

# पुलिस ने खुले में तलवार लहराते धरा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगोड़ी

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती कल्याणी वरकड़े, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में दिनांक 22/07/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नर्मदा वेयर हाउस के बाजू में अपने हाथ में धारदार लोहे की तलवार लिये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी धनराज पिता मलूक धुर्वे उम्र 19 वर्ष निवासी गाडरा चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडा के कब्जे से एक तलवार समक्ष गवाहान जप्त किया गया। आरोपी धनराज धुर्वे के विरुद्ध अप क्र 603/2025. धारा 25 आर्मस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के द्वारा संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना के आधार पर आरोपी धनराज धुर्वे के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये उप जेल अमरवाडा में दाखिल कराया गया।गिरफ्तार आरोपी का नाम (01) धनराज पिता मलूक धुर्वे उम्र 19 वर्ष निव्सी गाडरा चौकी सिंगोडी थाना अमरवाडाजप्तशुदा मशरुका (1) एक धारदार तलवारकार्यवाही में शामिल पुलिस टीम चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, प्र. आर हरिप्रसाद उइके, आर पीयुष यादव की भूमिका रही।

# छिंदवाड़ा में रेत माफिया का बोलबाला

## चांद क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण, खनिज विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चौरई। भुजेन्द्र शर्मा



मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के चौरई विधानसभा के चांद क्षेत्र में पेंच नदी से अवैध रेत खनन और भंडारण का खेल खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेत माफिया बेखौफ होकर चाँद नगर से लेकर आसपास के कई गांवों जिनमे -चाँद ढाना, परस गांव, गोदड़देव, कौआखेड़ा, चिखली,चाँद मण्डी के सामने में रेत का अवैध भंडार कर नदी का सीना छलनी कर रहे हैं, जबकि खनिज विभाग इस गंभीर मसले पर मूकदर्शक बना हुआ है।

श्मशान घाट, सरकारी स्कूलों की जमीन और अन्य सार्वजनिक स्थानों को रेत माफिया ने अवैध भंडारण केंद्र बना लिया है, जिसे साफ तौर पर कुछ ग्रामों के रोड किनारे आसानी से देखा जा सकता है जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि शासन को राजस्व की भारी हानि भी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दिन-दहाड़े रेत का अवैध भंडारण और परिवहन हो रहा है, लेकिन खनिज विभाग की कार्रवाइयां केवल दिखावटी हैं। सूत्रों के अनुसार, जब भी खनिज विभाग छापेमारी करता है, मौके से लगभग 200 हाइवा रेत जब्त की जाती है, लेकिन रिकॉर्ड में केवल 50 हाइवा ही दर्ज होती है। बाकी रेत कथित तौर पर माफियाओं को वापस लौटा दी जाती है। सहायक खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे की अगुआई में होने वाली कार्रवाइयां भी कुछ चुनिंदा स्थानों तक सीमित रहती हैं, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।आरोप है कि खनिज विभाग की मिलीभगत के चलते रेत माफिया बिना किसी डर के अवैध खनन और भंडारण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिन माफियाओं ने सरकारी जमीन पर अवैध भंडारण किया, उन्हें ही रेत की निगरानी का जिम्मा सौंपा जा रहा है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। इस अनियमितता के कारण पेंच नदी का पर्यावरण संकट में है, और नदी के किनारे बसे गांवों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

## सावन माह पर राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने किया मंदिर का भूमिपूजन



**छिंदवाड़ा।** सावन माह के पावन अवसर पर भगवान भोले नाथ के मंदिर का भूमि पूजन किया गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश प्रभारी जिला अध्यक्ष श्री यमन साहू जी के द्वारा चंदन गांव मे पंचवटी ढाना आवासीय क्षेत्र मे भगवान शिव माता पार्वती के मंदिर का भूमि पूजन किया गया इस पुण्य काम के अवसर मे सभी क्षेत्रवासी अधिक मात्रा में एवं राष्ट्रीय हिंदू सेना के नगर अध्यक्ष विक्की साहू जी, मयंक सोनी जी प्रथमेश वर्मा जी दुर्गेश सूर्यवंशी जी कुलविंदर सिंह जी एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुअर बम से नंदी को जख्मी कर मानवता को किया शर्मसार

## काली करतूत से फैला आक्रोश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



मानवता को शर्मसार कर देने वाला आज एक ऐसा मामला सामने आया जहां रघुवंशीपुरा क्षेत्र में रविदास मंदिर के पास रहने वाले एक अधेड़ ने नंदी को सुअर मार बम आटे की लोई में रखकर खिला दिया जो नंदी के मुंह में फट गया। बुरी तरह घायल नंदी को लोग अस्पताल लेकर गए और पुलिस को सूचना दी। आरोपी मुकेश पिता सत्तूलाल गोदरे आवारा पशुओं से परेशान था। पहले तो मुकेश ने पशुओं को चारा खिलाया और फिर आटे की लोई में बम रख दिया जैसे ही नंदी ने बम चबाया। वह फूट गया और नंदी का जबड़ा बेहद बुरी तरह से जख्मी हो गया। मुकेश की इस करतूत से लोगों का दिल झंझोर दिया। हर सुनने वाला व्यक्ति यही बोला कि वह इंसान है या जानवर। बहरहाल इस घटना की सारे शहर में कड़ी निंदा की जा रही है ओर आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की जा रही है। यह सत्य है कि शहर में आवारा पशु धमाचौकड़ी मचा रहे है और इससे आवागमन के सफल संचालन में दिक्कत होती है। परंतु सावन के इस पवित्र माह में मूक जानवर के साथ यह हरकत इंसानियत के नाम पर कलंग है। इस तरह की मानसिकता के लोग जानवरों के साथ इतनी क्रूर हरकत भी कर सकते है। यह बेहद ही विभत्स और घृणा योग्य है।

### अवसर की तलाश में भटकता सौरभ भूल गया अपनी हैसियतः उपाध्याय

**छिन्दवाड़ाः-** भाजपा की राजनीति का नवजात शिशु अब अबोध बालक हो गया है। उम्र के साथ इसका शरीर तो बढ़ा किन्तु बुद्धि, विवेक और भाषा की मर्यादा नहीं सीख पाया, जिस तरह के शब्दों का प्रयोग मतिमंद सौरभ ठाकुर कर रहा है, इससे उसके बड़ों के प्रति सम्मान और परिवारिक बोलचाल के संस्कार उजागर हो रहे। चूंकि अबोध बालक है, इसीलिये मन चंचल और लालच बड़ा है, जहां व्यक्तिगतहित लाभ नजर आता है, ये मतिमंद वहां दौड़े चला जाता है उक्त उदगार कांग्रेस प्रवक्ता नितिन उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञाप्ति में व्यक्ति किए। श्री उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि बालक है इसीलिये अभी से संस्कार देना नितांत आवश्यक हैं नहीं तो बड़ा होकर और उद्दंड होगा। इसीलिये मंदबुद्धि भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष सर्वप्रथम यह बात स्मरण करें कि जब माननीय कमलनाथ जी मुख्यमंत्री थे, तब सौरभ ठाकुर अपने शार्गिदों के साथ कमलनाथ एवं नकुलनाथ के चरणों में "नाक रगड़ रहे थे, अगर तुम यह भूल गए तो इसका मतलब साफ है कि ना तो तुम्हारा दीन है ना ही ईमान है। ना ही तुम किसी काम के हो, तुम केवल और केवल अवसर की तलाश में हो। तुम अपना ईमान और संस्कार सबकुछ बेच चुके हो। चंद समय की ही बात है, फिर भी तुम्हारी नाक कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कदमों को भूल गए। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नितिन उपाध्याय ने आगे कहा कि मतिमंद नगर मंडल अध्यक्ष तुम यह भी जान लो कि दादा धाम एक्सप्रेस बंद हुई तब केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार थी और तुम्हारे "आका" ने ट्रेन बंद करवाकर ताली व थाली बजवाई थी, तब तुम शायद गहरी नींद में थे या फिर अवसर की तलाश में भाजपा के किसी नेता के कदमों की धूल सूंघ रहे थे, जो तुम्हें आज अवसर दे रहे हैं। एक बात यह भी जान लो कि भाजपा के सांसद केवल फोटो खिंचवाने की राजनीति तक सीमित है, इसके आगे ना तो उनका, ना ही तुम्हारा कोई विजन है, क्योंकि टेलीविजन पर चलने वाले के पास विजन नहीं होता।

# जिले को दो दिन में प्राप्त होगी 2 रैक यूरिया

## वर्तमान में भी जिले में लगभग 3000 मीट्रिक टन यूरिया है उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

कलेक्टर छिंदवाडा श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा यूरिया वितरण केन्द्रों की लगातार निगरानी की जा रही हैं एवं वितरण केन्द्रों मे यूरिया वितरण व्यवस्था को सुदृढ किया जाकर किसानों को व्यवस्थित रूप से वितरण का कार्य कराया जा रहा हैं। गत सप्ताह जिले को 04 रैक यूरिया उर्वरक की प्राप्त हुई हैं एवं इसी अनुरूप लगातार जिले को आगामी सप्ताह में 05 रैक यूरिया प्राप्त होनी है, जिससे जिले को लगभग 10000 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त होगा।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सरयाम द्वारा मार्कफेड के भंडारण केन्द्रों की लगातार समीक्षा की जा रही है एवं कृषकों की सुविधा हेतु नगद वितरण केन्द्रों में 04 नगद काउंटर बढ़वाये गये हैं। साथ ही पानी और शेड की भी व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों से अपील की गई है कि समितियों में यूरिया उर्वरक का भंडारण है। अपने क्षेत्र की सहकारी समितियों में जाकर यूरिया प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में भी जिले में लगभग 3000 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

### कलेक्टर शीलेंद्र सिंह से मिले म.प्र केश शिल्पी मंडल के सदस्य बंदेवार

**छिंदवाड़ा :** जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेंद्र सिंह से उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आज मुलाकात कर केश शिल्पी कल्याण योजना व समाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई।मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के सदस्य दिनेश बंदेवार ने बताया कि जिले के कुछ शहरी नगरीय निकाय व जनपद पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही केश शिल्पी बंधुओ की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि कुछ जनपद पंचायत क्षेत्रों में केश शिल्पी बंधुओ के कार्ड इसलिए नहीं बन पा रहे हैं साथ ही वर्तमान समय में अधिकारियों को योजना की जानकारी नहीं होने के कारण केश शिल्पी बंधुओ को योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है जैसे कि किसी केश शिल्पी बंधुओ को बैंक से ऋण लेकर आर्थिक व सामाजिक रूप से स्वयं के व्यवसाय को स्थापित कर सके ऐसे में बैंक हमारे केश शिल्पी बंधुओ को ऋण नहीं देतासाथ वर्तमान में बहुत केश शिल्पी बंधुओ को योजना का लाभ कैसे ओर अधिक मिल सकें इस विषय पर चर्चा की गई ।तमाम बातों को सुनने के बाद मा.कलेक्टर महोदय जी ने कहा केश शिल्पियों को हर संभव मदद कर उनको शासन की मंशा के अनुसार समाज के अंतिम छोर के केश शिल्पियों को उचित लाभ दिलाया जाएगा।साथ ही केश योजनाओं संबंधित चर्चा उनके निराकरण के लिए शीघ्र बैठक बुलाकर चर्चा करने आश्वासन दिया।



## कागजों में बना पंप हाउस, बरसात में तिरपाल का लेते हैं सहारा

# पंचायत की लापरवाही से जान जोखिम में डालकर कर्मचारी करते हैं पंप चालू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया



तामिया मुख्यालय ग्राम पंचायत सचिव जो भ्रष्टाचार करने में महारत हासिल किए हुए हैं। उनकी इसी काबिलियत को मद्दे नजर रखते हुए डोब ग्राम पंचायत में उनकी तैनाती होते हुए भी यहां की पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दे रखा था। वर्तमान में नवनियुक्त सचिव की पद स्थापना होने के बावजूद भी डोब सचिव प्रभार सौंपने के बाद भी अघोषित रूप से ग्राम पंचायत का संचालन कर निर्माण कार्यों में धांधली बरत रहे है और भ्रष्टाचार मनमाने तरीके से कर रहे हैं साथ ही सागौन के पेड़ों को जमी दोज कर पर्यावरण को बीआरसी कार्यालय में हानी पहुंचने जैसा कृत्य करने के बाद नदी की बहती धारा को भी मोड चुके हैं। वहीं शौचालय में सेप्टिकटैंक कागजों में बनाकर भ्रष्टाचार का खुला करतब दिखा चुके लेकिन इनकी मानवीय संवेदनाएं भी अब मर चुकी हैं जिसका जीता जागता उदाहरण है तामिया पंचायत द्वारा पेयजल सप्लाई छोटा महादेव के साथ अन्य जल स्त्रोतों से की जाती है। सबसे लापरवाही पूर्वक पेयजल व्यवस्था सीएम राइज स्कूल के पीछे कुआ जिससे गंदा पानी तो लोगों को सप्लाई किया जा रहा है उसमें सबसे बड़ी लापरवाही पंप हाउस में देखने मिल रही है। पंचायत द्वारा हजारों रुपए का एक पंप हाउस कागजों में बनाया गया है और जहां से पंप के लिए विद्युत सप्लाई की जाती है उस स्थान को तिरपाल से भरी बरसात मै ढक कर मोटर चालू करनी पड़ रही है। उससे भी गंभीर लापरवाही इसके आसपास खुले बायर होने के दशा में पंप संचालक के साथ किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता इस तरह तामिया में डोब पंचायत सचिव की पंप हाउस में गंभीर लापरवाही देखने मिल रही है।

ऐसी लापरवाही उनके द्वारा इसलिए की जा रही है कि उन्हें उच्च अधिकारियों का वरद हस्त जो प्राप्त है। यदि आलाअधिकारियों ने शीघ्र इतने गंभीर मामले में संवेदनशीलता नहीं दिखलाई तो पंप ऑपरेट करने वाले गरीब कर्मचारियों के साथ कोई अनहोनी घटना हो जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसके लिए क्यों ना डोब ग्राम पंचायत सचिव को तामिया पंचायत में बरती जा रही लापरवाही का दोषी क्यों ना माना जाए।

## तेज बहाव से आमला-खापा की कच्ची पुलिया बह गई, ग्रामीणों को हो रही खासी परेशानी

# कच्ची पुलिया बहने से टूटा ग्रामीणों के आवागमन का संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर



सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के कारण नदी नाले उफान पर होने के कारण ग्रामीण सड़कों में लगातार समस्याएं आ रही है,मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आमला खापा के बीच में बन रही पुलिया के बाजू से बायपास कच्ची पुलिया का निर्माण किया गया था वह बह गई है। जिसके चलते इस मार्ग का आवागमन पूरी तरह से टूट गया है। मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से यहां पर अमला खापा सड़क पर पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा था, पुलिया के बाजू से बना कच्चा निर्माण कार्य बारिश के कारण धसकर बह गया है। जिसके चलते इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गावो का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है,ग्रामीणों को अब घूम कर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाना पडेगा, ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से अमला खापा सड़क पर इस पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा था, पूर्व में कई बार ग्रामीणों के द्वारा इस पुलिया के जल्दी निर्माण करने को लेकर शिकायतें भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई थी,बावजूद इसके निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा था,अब वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बनाया हुआ कच्चा पुलिया बहाने के चलते प्रतिदिन विभिन्न कार्यों के लिए सौसर रामाकोना की ओर जाने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं बुजुर्गों कामगारों को आवागमन में भारी दिक्कतें होगी,चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया का निर्माण कार्य लॉकडाउन के पूर्व से चालू है, अत्यंत कछुआ गति से चल रहे इस पुलिया के निर्माण को लेकर पूर्व में कई बार ठेकेदार के अलावा प्रशासन को भी सूचनाओं दी गई है, बावजूद इसके जिम्मेदारों के द्वारा आज तक ध्यान नहीं दिया गया है। पुलिया के बाजू से बायपास कच्ची पुलिया बहने से नदुठाना, जोबनढाणा, खापा, जोबनी,बारह देवी,कोपरावाडी रामपेठ सहित कई ग्रामीणों का संपर्क टूटा स्कूली छात्रों सही ग्रामीण मजदूरों को परेशानी होंगी।ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार और अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द व्यवस्था बनाने की मांग की है।

## गौ माता का किया गया अंतिम संस्कार

**सिंगोड़ीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिंगोड़ी के स्वयं सेवक द्वारा आज के दिन पुनः हनुमान मंदिर रोड पर मृत पड़ी गाय का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआसनद रहे लगभग कई वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गगन जैन की निजी जेसीबी मशीन के द्वारा अस्वस्थ गाय बछड़े बेल के स्वास्थ्य संवर्धन के साथ मृत गायों का अंतिम संस्कार करते आया है जिससे ग्राम जन के द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की भूरि भूरि प्रशंसा की जाती रही है।



## कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिंगोड़ी में यूरिया वितरण



**सिंगोड़ी :**सिंगोड़ी सोसाइटी में बुधवार को यूरिया वितरण किया गया जिसमे सिंगोड़ी क्षेत्र के सेकड़ो किसानो ने यूरिया प्राप्त की सिंगोडी क्षेत्र में कई दिनों से यूरिया की समस्या से जूझ रहे थे किसान श्रीराम ब्रादर्स कृषि केंद्र के संचालक र के माध्यम से यूरीया वितरित किया गया वही मौके पर वरिष्ठ ग्राम सेवक कृषि विभाग रवि ठाकुर की निगरानी मौजूदगी में यूरिया वितरण का कार्य किया गया। दस्तावेज के आधार पर प्रती किसान को दो वोरी यूरिया दी गई जो कि ऊंट के मुंह पर जीरा के बराबर है जबकि किसानों की जरूरत इससे अधिक है। वही सैकड़ो की संख्या में किसान एवं महिलाओं की लंबी-लंबी लाइन देखी गई लाइन में खड़े होकर परेशान होते हुए दिखाई दिए। यूरिया वितरण में व्यवस्था बनाने में सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय एवं पुलिस वल की उपस्थिति में यूरिया वितरण किया गया ।

## 6 माह में उखड़ने लगी सड़क, पार्षद ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

कायाकल्प योजना 1 के अन्तर्गत निर्मित सिमेंट की गुणवत्ताहीन सड़क की गई शिकायत की जांच रिपोर्ट और अन्य नियमितताओं को लेकर नगर पंचायत लोधीखेड़ा वार्ड नंबर 15 की पार्षद श्रीमती गीता दिनेश भोयर के द्वारा मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सोपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में पार्षद श्रीमती भोयर ने बतायालोधी खेड़ा नगर में कायाकल्प योजना के अंतर्गत बम्हे (ठेकेदार) द्वारा सिमेंट सडक की निर्माण कार्य कीया गया है,जो गुनवता हीन है, घटिया निर्माण होने के कारन वार्ड के 15 एवं वार्ड 07 के पार्षद द्वारापूर्व में सौसर एसडीएम और मुख्य नगर परिषद अधिकारी को 9 सितम्बर 2024 सितंबर माह में निर्माण कार्य की शिकायत की गई थी, साथी घटिया सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर को 13-11 को शिकायत की गई थी,इसके बाद में 5 नवंबर को पंचनामा रिपोर्ट बनाई गई थी। उक्त सड़क की आवश्यक तकनिकी अधिकारी, द्वारा जांच की गई है,घटिया निर्माण होने के चलते 6 महीने के भीतर ही सड़क जगह-जगह से उखड़ने लग गई, ठेकेदार के द्वारा बार-बार सीमेंट का घोल बनाकर लीपापोती करने का कार्य किया जा रहा है। मात्र 6 महीने में ही सड़क उखड़ने और दरारे पढ़ने के चलते सड़क का गुणवत्ताहीन सामग्री से निर्माण करने की बात सामने आती है। ठेकेदार के द्वारा बनाई गई सड़क की पुन जांच करते हुए जांच रिपोर्ट पार्षदों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## विट्ठल मंदिर परिसर में दो जगह हुआ वाटर फिल्टर का शुभारंभ



**सौसर।** बुधवार को नगर में संत सावता महाराज के पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था सौसर की ओर से गांधी चौक के विठ्ठल मंदिर में परिसर में दो जगह पार्षद मृणाली दर्शन झाडे की उपस्थिति में वाटर कूलर का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ है लंबे समय से इस परिसर में नागरिकों के द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था बनाने की मांग की जा रही थी जिसे महात्मा ज्योतिबा फुले मंडल की ओर से पूरा किया गया है। संत सावता महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना करते हुए वाटर फिल्टर का शुभारंभ किया गया है अब इस क्षेत्र में आने वाले लोगों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा,पार्षद श्रीमती झाड़े ने बताया की निरंतर वार्ड वासियों की समस्याओं को देखते हुए वार्ड के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विभिन्न निर्माण कार्य और वाटर फिल्टर जैसी सुविधाएं वार्ड में उपलब्ध कराई जा रही है,इस दौरान अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, सतीश गाडगे,नीता ताई बोडखे ,पवन सरोदे,विठ्ठल मंदिर अध्यक्ष सोनबा झाडे ,वासुदेव बुले,सिंधुताई रेवसकर, नलिनी गाडगे, नंदकिशोर वरोकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े नरेंद्र कुकड़े, बालू उफाट, परसराम राने, युवराज बैंडे, खुशाल वानखडे, नारायण टेम्बे आदि उपस्थित थे।

## बालिका नयन को दिया मोहोड़ ने टैबलेट का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हॉनर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो इस उद्देश्य को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार नयन बाडू लोनारे को दसवीं मे 96 40 % और गणित विषय मे 100 मे से 100 अंक प्राप्त हुए थे,भाजपा



जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ द्वारा आगे की पढ़ाई जारी रखने हेतु टैबलेट प्रदान किया गया है,साथ ही बालिका के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें प्रेषित की है। ज्ञात हों की नयन के पिता का करीब एक वर्ष पहले बीमारी के चलते निधन हों चूका हैं , माली हालत ठीक नहीं हैं इनकी माताजी आटा चक्की चलाकर अपने दो बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं। बीते दिनों जिला पंचायत सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ के द्वारा संसाधनों और व्यवस्थाओं की चिंता ना करते हुए व्यवस्था हम बनाएंगे क्षेत्र के बच्चों छात्र छात्राओबने मन लगाकर अच्छी पढ़ाई करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त करने की बात कही थी।

## गरीब परिवारों को पुनः मिलेगी लकड़ी सहायताः जायसवाल

**परासिया।** नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया के वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद श्री आशीष जायसवाल ने एक महत्वपूर्ण जनहित मुद्दे को लेकर नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि गरीब परिवारों को मृत्यु उपरांत दाह-संस्कार हेतु लकड़ी सहायता तत्काल प्रभाव से पुनः प्रारंभ की जाए।उल्लेखनीय है कि लगभग 6 माह पूर्व परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को किसी सदस्य की मृत्यु होने पर लकड़ी सहायता दी जाएगी, जिससे वे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारु रूप से कर सकें। किंतु विगत कुछ समय से यह सहायता योजना अचानक बंद कर दी गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पार्षद आशीष जायसवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह निर्णय गरीब और असहाय वर्गों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस योजना को पुनः चालू करते हुए जरूरतमंद परिवारों को दाह-संस्कार हेतु लकड़ी सहायता प्रदान की जाए।₹दुख की घड़ी में अगर प्रशासन ही साथ ना दे तो समाज का सबसे कमजोर वर्ग और भी असहाय महसूस करता है। इसलिये मानवता के आधार पर इस योजना को पुनः क्रियान्वित करना आवश्यक है,₹ – पार्षद आशीष जायसवाल।नगर पालिका प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वे इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित एवं संवेदनशील निर्णय लें।



## सिर्फ ड्राइवर के भरोसे नौनिहालों की जान, प्रशासन ने साधा मौन

# बिना फिटनेस और इंश्योरेंस के बेखौफ दौड़ रहे स्कूली वाहन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूली वाहन नगर की सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। अधिकारी स्कूली वाहनों का चालान तक नहीं बना रहें हैं। इसके कारण निजी स्कूलों की मनमानी कम होने का नाम नहीं ले रही। इसी समस्या को लेकर विगत दिनों समाचार का प्रकाशन भी किया गया था। वहीं यह नजारा स्कूलों में छुट्टी होते ही अराजकता खुलकर सामने आ रहा है। परंतु प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। नगर में संचालित भारत माता स्कूल के वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे बैठे नजर आए। कुछ वाहनों में बच्चे खड़े होकर सफर करते आसानी से देखे जा सकते हैं। वहीं इन निजी वाहनों में स्कूल की जानकारी और फोन नंबर भी अंकित नहीं है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन स्कूल बस या चौपहिया वाहन में आपके नौनिहाल कितने सुरक्षित हैं। वहीं निजी स्कूल में अनुबंधित इन वाहनों का डाटा प्रशासन पुरी मुस्तैदी से निकाले तो अधिकांश वाहनों के फिटनेस के साथ-साथ इंश्योरेंस और पीयूसी एक्सपायर देखने को मिलना कोई बड़ी बात नहीं है, पर फिर भी सड़कों पर यह स्कूली वाहन बेखौफ दौड़ रहें है। जानकारी के अनुसार इन वाहनों को लेकर जिम्मेदार भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है जिससे बच्चों की जान आफत में है। उल्लेखनीय है की विगत दिनों स्कूली वाहनों निजी वाहनों में धड़ल्ले से ढोए जा रहे बच्चे शीर्षक से समाचार का प्रकाशन किया गया था और अधिकारियों के संज्ञान में भी उक्त समस्या के सबंध में ध्यान आकर्षित कराया गया था परंतु कार्यवाही किये जाने का आश्वासन देकर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण हालात आज भी जस के तस बने हुए हैं। वहीं इन स्कूली वाहनों में ले जा रहे बच्चों के साथ कब कोई अनहोनी घट जाए इसका जवाब किसी के पास अब है न घटना होने के बाद होगा।

### इनका कहना है

मुझे नगर में चल रहे स्कूली वाहनों के संबंध में लगातार शिकायत मिल रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी को जांच के लिये निर्देशित किया जाएगा और जो वाहन बिना परमिट, फिटनेस और इंश्योरेंस के पाये जाएंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**

## वैज्ञानिक सुधीर चैनतालापति को बनाया गया जॉच अधिकारी

# बाघ-मानव संघर्ष रोकने विक्रम ने लगाई केंद्रीय मंत्री से गुहार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जिला पंचायत पूर्व सदस्य इंजीनियर विक्रम देशमुख ने केंद्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को बालाघाट जिले के दक्षिण वन मंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र वारासिवनी तथा कटंगी में विगत वर्षों में हो रहे बाघ-मानव संघर्ष का सिलसिलेवार ब्यौरा प्रस्तुत किया हैं। बाघ आए दिन आबादी क्षेत्र में आकर मानव जीवन और पशु धन पर हमले कर रहे हैं। जिसमें विगत एक वर्ष के भीतर वन परिक्षेत्र कटंगी में बाघ द्वारा 3 व्यक्तियों का शिकार किया गया हैं। वहीं वन परिक्षेत्र वारासिवनी में माह दिसम्बर 2022 में एक महिला का बाघ द्वारा जानलेवा शिकार किया गया था।

श्री देशमुख की शिकायत पर नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावास भवन के वन्य जीवन विभाग के वैज्ञानिक सुधीर चैनतालापति को जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया हैं, जो जांच उपरांत उपरोक्त मानव-बाघ संघर्षों की को रिपोर्ट भारत शासन को प्रस्तुत करेंगे।

श्री देशमुख ने बाघ के हमले से घायल व मरने वालों की जो सूची भेजी हैं, उसमें 03 दिसम्बर 22 को ग्राम नांदगांव वारासिवनी निवासी श्रीमती लक्ष्मी पति विष्णु उईके, 22 दिसम्बर 24 को ग्राम खैरलांजी आंबेझरी निवासी सुखराम उईके, 04 मई 25 को ग्राम कुड़वा तहसील तिरोड़ी गोरेघाट सर्किल प्रकाश पाने, 16 मई 25 को वन ग्राम कछार जमुनिया मुंडीवाड़ा सर्किल



पांढरवानी बीट अनिल भलावी प्रमुख थे। वहीं इस माह 09 जुलाई 25 को ग्राम कन्हडग़ॉव तहसील तिरोड़ी महकेपार सर्किल बीट निवासी बस्तीराम शनिचरे बाघ द्वारा जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बाघ द्वारा जान गँवाने वाले मूलतः ग्रामीण और अनुसूचित जनजाति वर्ग के वंचित लोग हैं। उपरोक्त गंभीर घटनाओं के बावजूद वन विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा मानव-बाघ संघर्ष रोकने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मानव-बाघ संघर्ष के रोकथाम हेतु शासन-प्रशासन द्वारा कोई सुध न लिए जाने के कारण बाघ के अवैध शिकार होने की सम्भावना बनी रहती है। वन विभाग द्वारा मानव-बाघ संघर्ष रोकने हेतु पशु अवरोधक खंती, जन जागरण अभियान, टाईगर रिजर्व से लगी मानव आबादी की सुरक्षा हेतु बाड़ेबंदी, आबादी को सुरक्षित करने करंट वाली जाली लगाना, असुरक्षित गाँवों तक सडक़ आवागमन साधन, वन क्षेत्र से लगे शासकीय विद्यालयों की बाउंड्रीवॉल उपलब्ध करवाने जैसे कार्य नहीं किए गए हैं।

## डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत ग्रामों में जल स्त्रोतों का किया गया क्लोरिनेशन





हरिभूमि न्यूज लांजी।

वर्षा के दिनों में दूषित पानी के पीने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों को जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 जुलाई को लांजी विकासखंड के ग्राम वारी, केरेगाँव एवं दहेगाँव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारा डायरिया रोको अभियान के तहत जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया गया है। जिससे ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों के संक्रमण से बचाया जा सके। उल्लेखनीय है की पानी में क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइट जैसे क्लोरीन यौगिकों को मिलाकर, पानी को कीटाणुरहित करने की एक प्रक्रिया है। इसका मुख्य उद्देश्य पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और अन्य सूक्ष्मजीवों को मारना है, जिससे यह पीने के लिए सुरक्षित हो जाता है। विशेष रूप से, क्लोरीनीकरण का उपयोग पेचिश और टाइफ इड जैसी जलजनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए किया जाता है।

## "एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान" अंतर्गत सिकन्द्रा में वृक्षारोपण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में "एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान" अंतर्गत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेडाम के मार्गदर्शन व मुख्य आतिथ्य में एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा पराते के नेतृत्व में गोद ग्राम पंचायत सिकन्द्रा में सघन वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ0 हेमंत कुमार मंडाले, डॉ0 रक्षा निकोसे, नरेन्द्र डोंगरे, विकास साहू, युगल किशोर लांजेवार एवं महाविद्यालय परिवार के अधिकारी/कर्मचारी, कन्हैया खैरवार सरपंच, नामदेव राऊत सचिव, थानेन्द्र नगपुरे सहायक सचिव, मिलन सहारे भृत्य तथा ग्रामवासी ग्राम पंचायत सिकन्द्रा उपस्थित रहे। समस्त अतिथि, ग्रामवासी तथा स्वयं सेवकों की उपस्थिति में गोद ग्राम पंचायत सिकन्द्रा परिसर में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 50 फलदार एवं छायादार पौधे आम, आंवला, गुलमोहर, करंज, अमलतास इत्यादि पौधों का रोपण कार्य किया गया।

"एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 अभियान" अंतर्गत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य श्री गेडाम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य एक प्रयास जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान एवं समर्पण को दर्शाता हैं, क्योंकि वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए एवं आने वाली युवा पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता हैं।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत सिकंद्रा को गोद लिया गया हैं, जिसमें पर्यावरण संरक्षण को बचाये जाने हेतु महाविद्यालय द्वारा 400 पौधों का वृक्षारोपण कार्य पंचायत परिसर एवं सिकन्द्रा पावर हाउस नर्सरी में किया जायेगा। वर्तमान में महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय परिसर में 350 पौधों का वृक्षारोपण कार्य किया जा चुका हैं और शासन द्वारा 800 पौधों का लक्ष्य दिया गया था जिसे जल्द पूरा करने का संकल्प लिया गया हैं।



गोद ग्राम स्थित पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेवक दीपेश उंदीरवाडे, रजत सिरसाम, राज शेंडे, आयुषी कावरे, आरजू वर्षीकर, निकिता मेश्राम, संजना शेंद्रे, आशीष तथा ग्रामवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## कृषि महाविद्यालय में नशे से दूरी, है जरूरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** कृषि महाविद्यालय मुरझड़ के मीडिया प्रभारी डॉ दीपक कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासनिक पुलिस विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित विशाल मानव श्रृंखला व जागरूकता रैली में कृषि महाविद्यालय से कुल 40 छात्रों का समूह व प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के प्रांगण में नशा मुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें विकास खण्ड पुलिस थाना वारासिवनी से पधारे मुख्य अतिथि पवन यादव सब इंस्पेक्टर, श्रीमती सत्यशीला वासनिक सब इंस्पेक्टर, श्रीमती वीणा मसराम प्रधान आरक्षक व हेमंत बघेल शामिल हुए।

## ग्राम रजेगांव के सरपंच, पंच व एक सैकड़ा व्यापारियों सहित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** गोंदिया बालाघाट राष्ट्रीय राज्य मार्ग 543 रजेगांव बायपास जंक्शन बॉर्डर चेक पोस्ट के पास में फोरलेन के बीच लगाए गए लोहे के पोल निकालने ग्राम पंचायत रजेगांव में पंचायत समिति की बैठक में प्रस्ताव पास कर तहसील किरनापुर के अंतर्गत ग्राम रजेगांव में निर्मित गोंदिया बालाघाट फोरलेन मार्ग पर रजेगांव बायपास जंक्शन बॉर्डर चेक पोस्ट के पास से लांजी किरनापुर रजे गांव से बालाघाट की ओर जाने वाली सड़क के बीच में लोहे के खंबे (पोल) गड्ढे होने के कारण वाहन एवं राहगीर फोरलेन मार्ग से गलत दिशा में जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना होने का हमेशा अंदेशा बना रहता है ,साथ ही बहुत सारे वाहन फोरलेन से गुजर रहे हैं, जिस वजह से ग्राम रजेगांव का व्यापार पूरी तरह से ढप हो गया है, जिससे कि स्थानीय व्यापारियों सहित आश्रितों पर जीवन यापन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि बालाघाट जाने वाले वाहन बायपास जंक्शन से (इंदिरा टोली के पास) आकर गुजर रहे हैं तो उन्हें इंधन और समय भी ज्यादा लगता है, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल से व्यापारियों ने निवेदन किया है कि उक्त जंक्शन के पास लगाए गए लोहे के पुल को अति शीघ्र हटाने व सांकेतिक चिन्ह लगने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन सौंपते उपस्थित भूपेंद्र बुडेकर सरपंच ,संतोष कुथे उप सरपंच ,विजय फेडारकर , शैलेश, रंजन कुथे, माया कुथे, सविता कोरे,मंजू गोंडुडे ,शीला कुथे, वंदना कुथे, ग्राम के अन्य व्यापारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# हत्या के प्रयास में फरार अलग-अलग अपराधों के फरार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**शहर में गुंडागर्दी करने वाले एवं चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अलग-अलग तीन अपराधों में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 12/05/2025 को रात्रि 10/30 बजे आरोपी अरुण चौधरी द्वारा पूर्व रंजिश पर से शिवा प्रजापति को जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करने से अपराध क्रमांक 372/2025 पंजीबद्ध किया गया था जो आरोपी घटना दिनांक से फरार था। इसी प्रकार दिनांक 16 जून, 2025 को दोपहर करीबन 02/30 बजे आरोपी रेहान खान अपने साथी के साथ मिलकर द्वारा पुराने विवाद से अफरोज खान उर्फ बिजली को जान से मारने की नियत से चाकू से अपराध क्रमांक 499/2025 कामय किय गया था।**

जिसमें आरोपी रेहान खान घटना दिनांक से फरार था तथा दिनांक 18/06/25 को रात लगभग 10/30 बजे मठ मंदिर प्रांगण में हुए हत्या के प्रयास की गंभीर घटना जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 512/25 दर्ज है, में 01 नाबालिक आरोपी जो फरार चल रहा था सभी को कोतवाली पुलिस ने धरपकड़ कर गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। **गिरफ्तार आरोपी** अपराध क्रमांक-372/2025 मेः अरूण चौधरी पिता स्व. रमेश चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी कुम्हारी मोहल्ला अंबेडकर वार्ड सिवनी (म.प्र.)। 2. अपराध क्रमांक-499/2025 मेः- रेहान उर्फ रिहान खान पिता इमरान खान उम्र 18 वर्ष निवासी पुरानी सब्जी मंडी भगतसिंह वार्ड सिवनी (म.प्र.)। 3. अपराध क्रमांक-512/2025 में:- 01 नाबालिक उम्र 17 वर्ष।

## इधर, डूण्डासिवनी पुलिस की अवैध शराब पर माह मे दुसरी बडी कार्यवाही नशा मुक्ति अभियान के बीच शराब तस्करों से बडी मात्रा मे शराब जप्त



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डुण्डासिवनी सतीश तिवारी द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता जो इसी तारतम्य में दिनांक 23.07.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डूण्डासिवनी थाना अन्तर्गत क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब खपत करने के लिए ग्राम आमाझिरिया लायी जा रही है जो सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु टीम गठित कर वाहन चेकिंग प्रांरभ कि गई जो दो व्यक्ति एक पेशन प्रो गाडी में प्लास्टिक की केन लाते हुये दिखे जिन्हे रोककर चेक करने पर उनके पास 04 केन गाड़ी में रखी मिली जिनको चेक करने पर प्रत्येक केन में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर देशी कच्ची शराब मौके पर मिली जिनसे उक्त शराब परिवहन के सबंध मे वैधानिक दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर कार्यावाही करते हुये थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 348/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहां से उनको जिला जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है आज गिरफ्तार आरोपी बारेलाल ठाकुर व राम सरेयाम के पूर्व का आपराधिक रिकार्ड भी है। अवैध शराब पर इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

### खबर संक्षेप

## नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय काठमांडू ने किया प्रोफेसर शेन्डे को सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, वाल्मीकि विद्यापीठ, काठमांडू और रशिया की ख्यातिलब्ध संस्था पंजाबी सभा, मास्को ने संयुक्त रूप से सिवनी जिले के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे को विद्याश्री सम्मान 2025 से विभूषित किया है। उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन तथा नवोन्मेषी प्रयास, शोधकार्य तथा हिंदी भाषा और साहित्य के लोकव्यापीकरण के लिए प्रोफेसर शेन्डे को यह पुरस्कार दिया गया है।

## डिस्ट्रिक्ट की रिसोर्स ग्रुप हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा विभाग की संस्थागत क्षमता वर्धन के लिए प्री-प्राइमरी से कक्षा 10 हेतु स्टेट असेसमेंट सेल स्थापित किया जाना है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 के लिए प्रत्येक जिले में एक 8 सदस्यीय डिस्ट्रिक्ट की रिसोर्स ग्रुप का गठन किया जाना है। प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 हेतु डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप सदस्यों का चयन ऑनलाईन टेस्ट एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। चयनित डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु 15 वर्कशॉप आयोजित की जावेगी। प्रशिक्षण के उपरांत चयनित सदस्य अपने जिले के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सौंपे गये मूल्यांकन से संबंधित कार्यो को निष्पादित करेगें।

# अव्यवस्थित दुकानों एवं ठेलों को हटवाकर एवं दुकानदारों को दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा यातायात व्यवस्था सुगम रहे इसलिए हरसंभव प्रयास किये जाते है, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली सिवनी द्वारा लगातार पैदल भ्रमण कर शहर में अव्यवस्थित लगी दुकानों एवं ठेला को व्यवस्थित लगाया जाता रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली सिवनी से निरीक्षक किशोर वामनकर एवं स्टाफ, थाना यातायात से निरीक्षक विजय बघेल एवं स्टाफ, कॉम्पेक्ट प्लाटून द्वारा नगरपालिका परिषद् सिवनी की संयुक्त टीम के साथ मिलकर शहर में पैदल भ्रमण कर आम रोड़ पर दुकान की सामग्री बाहर निकालकर दुकान लगाने वाले दुकानदारों, अव्यवस्थित रूप से ठेले लगाने वालों को निम्न समझाईश दी गई। सभी दुकानदार अपनी दुकानों को सीमा में ही लगाये। दुकानों के सामने व्यवस्थित रुप से पार्किंग की जाए। रास्तों पर किसी प्रकार का अनावश्यक अतिक्रमण न करें। वाहनों के आवागमन एवं राहगीरों के चलने के लिए पर्याप्त स्थान रखें। कार्यवाही में सहयोगी स्टाफ निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत एवं कोतवाली स्टाफ, निरीक्षक विजय बघेल एवं थाना यातायात स्टाफ, कॉम्पेक्ट प्लाटून एवं नगर पालिका परिषद् की टीम की विशेष भूमिका रही।

# लखनादौन उपजेल परिसर में हुआ वृक्षारोपण, एसडीएम एवं जेलर रहे मौजूद

**सिवनी जिले के लखनादौन में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनादौन उपजेल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।



**संवाददाता मुकेश साहू**
इस विशेष अवसर पर लखनादौन के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम लखनादौन रवि कुमार और उपजेल अधीक्षक नारवे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने जेल परिसर में स्वयं पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की।

कार्यक्रम की शुरुआत जेल परिसर में आम, नीम, पीपल, गुलमोहर और अर्जुन जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी व बहुउद्देश्यीय पौधों के रोपण से की गई। इस अवसर पर जेल के अधिकारी, कर्मचारी एवं कुछ कैदी भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर पौधों को रोपित किया और उन्हें नियमित रूप से पानी देने व देखरेख की जिम्मेदारी भी ली।

एसडीएम लखनादौन एवं रवि कुमार ने इस अवसर पर कहा कि "पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। जेल जैसी संस्थाओं में वृक्षारोपण कर हम सकारात्मक वातावरण बना सकते हैं, जिससे कैदियों में मानसिक शांति और सामाजिक सुधार की भावना भी जागृत होती है।" उन्होंने सभी को अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

जेलर श्री नारवे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जेल परिसर को हराभरा और स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि पौधों का जीवन में विशेष महत्व है, और जेल स्टाफ तथा बंदियों के सहयोग से यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि एक पौधा लगाकर उसे एक जीवन की तरह पालें।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और कर्मचारियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। यह वृक्षारोपण अभियान न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज को सकारात्मक सोच और हरियाली की ओर प्रेरित करने वाली पहल भी है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दिघौरी मंदिर पहुंच व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**सिवनी।** बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने दिघौरी मंदिर पहुंचकर विशाल भंडारे हेतु की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध मे साथियों से जानकारी प्राप्त किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम दिघौरी पहुंचकर मंदिर मे देवाधिदेव महादेव भगवान शिव जी के दर्शन, पूजन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात श्री राय ने पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार 28 जुलाई को मंदिर प्रांगण मे स्वयं की ओर से लगभग 20 हजार कांवड़ यात्रियों, दर्शनार्थी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों हेतु आयोजित विशाल भण्डारे के संबंध मे साथियों द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा 27 जुलाई को संध्या काल मातृधाम कातलबोडी मंदिर प्रांगण मे भी लगभग 10 कांवड़ यात्रियों, दर्शनार्थी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गयी है।



ज्ञात हो कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जीवन दायिनी पतितपावनी मां वैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से शिव भक्त कॉवड़ियों की कॉवड़ यात्रा 27 जुलाई रविवार 2025 को प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी। जो अपने पूर्व निर्धारित ग्राम छीतापार, गोडेगांव, कलबोडी, गोपालगंज, बड़कुमारी, मोहगांव से गुजरते हुए मातृधाम कातलबोडी पहुंचेगी। जहां भोजन प्रसाद एवं रात्रि विश्राम के पश्चात पवित्र सावन सोमवार 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे कांवड़ यात्रा मातृधाम से गुरुधाम दिघौरी की ओर प्रस्थान करेगी। जो करहैया, जैतपुरकला, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौडा होते हुए ग्राम दिघौरी पहुँचकर, दिघौरी मंदिर में स्थापित भगवान शिव के पारदर्शी स्फटिक शिव लिंग का जलाभिषेक किया जायेगा। उक्त यात्रा में पूर्व वर्षों की भांति सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन समस्त श्रद्धालुगणों, सहयोगियों के साथ मुंडारा से दिघौरी तक पवित्र यात्रा में शामिल रहेंगे।

# भारत माता की आरती के साथ मनाया गया पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुजीत जैन का जन्मदिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

23 जुलाई 2025 भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि सुजीत जैन के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार रात सोमवारी चौक, भैरोगंज में भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का संयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शुभम राजपूत द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शुभचिंतक और नागरिक उपस्थित रहे। श्री जैन के जन्मदिवस पर दिनभर उनके समर्थकों द्वारा विविध सेवा और सामाजिक आयोजनों का आयोजन किया गया।

किसी ने मंदिरों में प्रार्थनाएं कीं, तो किसी ने एक पेड़ माँ के नामग्न जैसे पर्यावरणीय अभियान चलाकर शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। श्री जैन स्वयं भी मंदिरों में जाकर ईश्वर का आशीर्वाद लिया और ज़रूरतमंदों को भोजन एवं वस्त्र वितरित किए। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने वृक्षारोपण करते हुए आम नागरिकों से आह्वान किया कि ग्हर जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाएँ, और इसे माँ के नाम समर्पित करें।

## इन्होंने ने माना आभार

शुभम राजपूत, रविशंकर भांगरे, अनूप मिश्रा, दीपक ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, हरीश सदाफल, भुनेश कुल्हाड़े, प्रमोद अहिरवार, रामकुमारी बरमैया, निरंजन मिश्रा, नीरज जैन, आशु जैन, सविता तिवारी, ज्योति राजपूत, विनय सेन सहित अनेक कार्यकर्ताओं भारत माता की आरती के आयोजन में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया है।

## कलम फाउंडेशन के सदस्यों ने गिफ्ट अ डेस्क पहल अंतर्गत प्राथमिक शाला में गिफ्ट की 12 डेस्क

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में चलाई जा रही गिफ्ट-अ-डेस्क पहल अंतर्गत मंगलवार 22 जुलाई को कलम फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बरघाट विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मंडई टोला ग्राम केकड़ई में 12 डेस्क का वितरण के साथ नन्हे बच्चों को लेखन पुस्तिका एवं कलम आदि भेंट स्वरूप दी गई।

जिसमें प्रमुख रूप से कलम फाउंडेशन के सदस्य एवं दानदाता सदस्यगण जिनमें शिक्षिका श्रीमती माया राहंगडाले,शिक्षिका श्रीमती नीता बोपचे, श्रीहिमांशु ठाकुर, श्री गौरव चौधरी,श्री यशवत बालबद्दे,सुश्री काजल मेश्राम,सुश्री काजल पवार,श्री अभय गुप्ता एवं ललित गठरे द्वारा संयुक्त दान से 12 डेस्क प्रदान की गई।

# नागपुर ईटारसी और जबलपुर से चलने वाली कई ट्रेनें सिवनी छिन्दवाड़ा से प्रारंभ कराने की मांग की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने

## कमलनाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर नागपुर ईटारसी और जबलपुर से चलने वाली कई पैसेंजर ट्रेन संख्या 18110 इतवारी (टाटा नगर एक्सप्रेस), ट्रेन संख्या 12140 नागपुर मुम्बई (सेवाग्राम), ट्रेन संख्या 15206 जबलपुर-लखनऊ, ट्रेन संख्या 20151 रीवा पुणे(रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस), ट्रेन संख्या 59396 जबलपुर नागपुर से इन ट्रेनों को सिवनी, छिन्दवाड़ा से प्रारंभ करने के लिए पत्र लिखा है।



उन्होंने पत्र में कहा कि छिन्दवाड़ा और सिवनी के रास्ते इन रेल सेवाओं का विस्तार और मार्ग परिवर्तन करने से न केवल आबादी के एक बडे हिस्से को लाभ होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए रेल सर्म्पक में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रेल मंत्री से उन्होंने आग्रह किया है कि इन प्रस्ताव की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए उचित कदम उठाये तथा आगामी रेलवे विकास योजनाओं के तहत इन्हें मंजूरी देने का कष्ट करें।

कमलनाथ के मंत्री रहते हुए सड़क, रेल, उद्योग एवं अनेक क्षेत्रों में कई सौगात सिवनी को प्राप्त हुई है कमलनाथ ने हमेशा छिन्दवाड़ा के साथ-साथ सिवनी को भी विकास कार्यो में सहयोग करने के लिए अनेको बार प्रयास किए जिसका लाभ सिवनी की जनता आज भी उठा रही है, सिवनी का दुर्भाग्य ही कहा जाए कि रिकार्ड मतो से जीतने वाले भाजपा के सांसद केन्द्र, राज्य में सत्ता सरकार रहते हुए भी सिवनी जिले के लिए वह विकास कार्य नही करा पाएँ, जिन विकास कार्यो के लिए सिवनी हकदार रहा है, भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कमलनाथ से कुछ सबक लेना चाहिए।

## रिश्तों को काटे नहीं वरन सुई-धागे की तरह टूटे रिश्तों को साधने की कोशिश करें

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 22जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई,इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने उद्बोधन में मंदिरों की क्रियाओ का महत्व बताया, मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा किअच्छा जीवन जीना स्वयं में बहुत बड़ी कला है और मीठा बोलना उस कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्योंकि बोलने की कला में ही लोकप्रियता का राज छिपा हुआ है। कुछ 'लोग वाणी के कारण औरों के दिलों से उतर जाते हैं तो कुछ इसी वाणी के चलते औरों के दिलों में बस जाया करते हैं। हम इस तरह बोलें कि दूसरों का दिल आग आग नहीं, बाग-बाग हो जाए।

# खुशी से झूमीं किंदरई की छात्र- छात्राएं, साइकिल वितरण से साकार हुए सपने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले घंसौर विकासखंड किंदरई के हाई सेकेंडरी स्कूल में आज एक ऐसा दिन था। जिसने छात्र - छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर ला दी स्कूल परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत छात्र- छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। इस पहल से न केवल उनकी शिक्षा की राह आसान होगी बल्कि उनके सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी।



साइकिल पाकर छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। उनकी आँखों में चमक और चेहरों पर संतोष की भावना स्पष्ट दिख रही थी कई छात्राएं जो अपने घरों से स्कूल तक लंबी दूरी पैदल तय करती थीं, उनके लिए यह साइकिल किसी वरदान से कम नहीं है अब वे समय पर स्कूल पहुँच सकेंगी, थकावट से बचेंगी और अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी यह योजना लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सरिता परसराम उइके एवं जनपद सदस्य मनीराम ककोड़िया लोकू मरकाम संगीता भलावी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया संगीता भलावी ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और विशेषकर लड़कियों को स्कूल तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगी स्कूल के प्रिंसिपल दुर्ग सिंह पुन्हा ने बताया कि साइकिल वितरण से स्कूल में छात्राओं की उपस्थिति दर में निश्चित रूप से सुधार होगा उन्होंने कहा कि शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और यह योजना इसमें अहम भूमिका निभा रही है प्रिंसिपल दुर्ग सिंह पुन्हा ने सभी अतिथियों और योजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले हर व्यक्ति का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर ( उच्च माध्य शिक्षक )महेश नागेश रुपेन्द्र कुलस्ते सरिता कमाली संतोष नागेश राजेंद्र नागेश हाई सेकेंडरी अध्यक्ष प्रेम कोशले भी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया। शिक्षकों ने कहा कि यह साइकिल केवल एक साधन नहीं बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## देश केअमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की जन्म जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** आज आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा बरगी द्वारा देश के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की जन्म जयंती पर शंकर मंदिर मढ़िया बरगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनकी प्रतिमा पर ब्लॉक अध्यक्ष श्री राजकुमार नाथ जी और अन्य साथियों द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। उपस्थित साथियों में श्री राजा भैया चौकसे ,नरेंद्र उइके, शिवकुमार चौबे, रवि केवट, दिनेश बिसेन, सुधीर ठाकुर, कृष्ण कुमार पटेल, सुरेंद्र जायसवाल ,सुरेश जैतवार, राजेंद्र वासनिक सहित अन्य साथी उपस्थित थे।



## 22 लाख के उजड़े पार्क के लोकार्पण का मामला

# छपारा नगर परिषद में बदहाल पार्क का लोकार्पण, तस्वीरें और जमीनी हकीकत बता रही भ्रष्टाचार की कहानी

सिवनी - नगर परिषद के काले कारनामे और भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जी हां दरअसल नगर परिषद के तिलक वार्ड स्थित सिंचाई कॉलोनी में 22 लाख की राशि से हाल ही में निर्माण किए गए अमृत 2.0 पार्क शुरू होने के पहले ही उजाड़ हो गया हैं। उल्लेखनीय है कि छपारा नगर परिषद के द्वारा 22 लाख की लागत से अमृत 2.0 योजना के तहत निर्मित किये गये पार्क का लोकार्पण 21 जून 2025 को मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और केवलारी विधायक रजनीश सिंह तथा सिवनी विधायक दिनेश मुनमुन राय सहित भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन की मौजूदगी में संपन्न हुआ था।

## लोकार्पण के 1 महीने बाद उजड़ गया पार्क

बता दें कि लोकार्पण के 1 महीने बाद ही 22 लाख की लागत से बनाए गएउक्त पर की तस्वीर सच्चाई बताने के लिए काफी है कि किस तरह से भारी भरकम भ्रष्टाचार को नगर परिषद के अधिकारियों और चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने अंजाम दिया हैं। वर्तमान में अपनी बदहाली के लिए 22 लाख का पार्क चर्चा का



विषय बना हुआ हैं। आधे अधूरे झूले धरातल पर कीचड़ पूरे पार्क में गंदगी गाजर घास अमृत 2.0 से बनाए गए 22 लाख के पार्क निर्माण की पोल खोल रहे हैं। यह पार्क वार्ड नंबर 4, तिलक वार्ड सिंचाई विभाग कालोनी में स्थित है। इसी जगह पर दक्षिण मुखी सिद्ध हनुमान मंदिर भी है, जहाँ वर्षों से प्रतिदिन सुबह-शाम श्रद्धालु आरती-पूजा करने आते हैं। कई वर्षों से नगर के श्रद्धालु अपने परिवा और बच्चों के साथ यहां पूजन पाठ करने के साथ-साथ पिकनिक मनाने भी आते रहे हैं।

## 3 साल पूरे किसका हुआ विकास

बता दें कि नगर की जनता ने बड़े उत्साह के साथ भाजपा शासित परिषद को चुना था। और सभी पार्षदों ने एकजुट होकर निर्विरोध तरीके से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को नगर विकास के लिए चुना था। लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद एक भी ऐसा काम नगर परिषद कर नहीं पाई जो की नगर विकास के लिए दिखाई देता अब सवाल यह है कि आखिरकार 3 सालों में किसका विकास हुआ? नगर परिषद छपारा द्वारा पार्क बनाए जाने की जानकारी मिलने पर नागरिक ऑन और बच्चों में खुशी की लहर थी। लेकिन नगर परिषद के कर्णधारों के द्वारा ठेकेदार के साथ साठ- गांठ करते हुए भ्रष्टाचार को ऐसा अंजाम दिया कि पार्क शुरू होने के पहले ही उजाड़ हो गया है, और अब इस पार्क की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं जो कि नगर परिषद के काले कारनामों और भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे हैं।

# हरियाली तीज अमावस्या जीवती का त्यौहार

**आज वसुंधरा पृथ्वी माता की पूजन होती है धन्यधान्य वन उपवन नाना प्रकार के जीव जंतु से परिपूर्ण पृथ्वी पर दुखी मानव समाज के लिए ब्रह्मा विष्णु महेश की आज्ञा पाकर श्री विश्वकर्मा जी भगवान एवं पांच मानस पुत्रों द्वारा मानव समाज की सुख सुविधाओं के लिए घर वस्त्र अस्त्र शस्त्र यान विमान कृषि कार्य उपकरण एवं रसोई घर की उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**आज के दिन पृथ्वी केंद्र स्थान में वसुंधरा पूजन कर देवी देवताओं ने विश्वकर्मा एवं विश्वकर्मा के मानस पुत्रों से प्रसन्न होकर लोहार बढ़ाई सुनार सुतार कुमहार को प्रजापति पंचाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया।**

हवन पूजन से पूर्ण आहुति के बाद भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा अपनी कर्म कील का कार्य पूर्ण होने पर कील ठोकंकर रोपण किया गया जिस कील को सूर्य देवता ने देखा सूर्य के तेज तप से महान लोह पुरुष जिनका देह जिनका ताप से से धधकता प्रकट हुआ जिसके तप को शांत करने के लिए बादल की छाया की गई सुधा वर्षा हुई एवं घी तेल से शांत किया गया सभी देवी देवताओं के कहने पर समुद्र देवता ने धर्म पिता बनकर शनिदेव को गोद में लेकर अपने राज्य भवन में चले गए। लक्ष्मी जी ने पिताजी से पूछा यह सुंदर बालक कौन है तब समुद्र बोले पुत्री यह मेरा धर्म पुत्र है शनि देव एवं लक्ष्मी जी बहन भाई हुए समुद्र के राज भवन में जन्मोत्सव मनाया गया आज के दिन लोहार कील ठोकते हैं सभी शिल्पी सुंदर सुनार कुमहार सुतार लुहार दीपमाला कर अपनी प्रतीक चिन्ह दरवाजे में लगाते हैं विशेष आज वसुंधरा पृथ्वी माता को पूजन एवं विश्वकर्मा जी को कर्म कील की स्थापित करने का दिन है शनि देवता का जन्मदिन भी है।

### ब्लड जांच कर तैयार कर रहा रिपोर्ट, मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

# कोचेवाही में आशीर्वाद पैथोलाजी लैब अवैध रूप से संचालित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

जिले में पैथोलॉजी लैब का संचालन तय मानकों को दरकिनार कर बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और प्रशासनिक अनदेखी के चलते जिले में वैध रूप से पंजीकृत पैथोलॉजी की तुलना में चार गुना अधिक संख्या में अवैध लैब धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। चिंता की बात यह है कि इनमें बिना किसी योग्यता वाले व्यक्ती हैं, जो गंभीर रोगों की जांच कर रहे हैं। ऐसा कुछ मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में आर्शिवाद पैथोलॉजी लैब एण्ड कलेक्शन सेंटर का हैं।

जानकारी अनुसार, ब्लड कलेक्शन सेंटर की आड़ में कोचेवाही में यश देशमुख के द्वारा अवैध तरीके से पैथोलॉजी सेंटर संचालित किया जा रहा हैं, और परिणामस्वरूप अप्रशिक्षित कर्मचारी खून, यूरिन, शुगर सहित विभिन्न रोगों की जांच कर रहे हैं, जिससे गलत रिपोर्ट की आशंका बनी रहती हैं। यह मरीजों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। जिसको लेकर जब हमने पैथोलॉजी संचालक यश देशमुख से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि मैं डीएमएलटी याने डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्रोलांजी किया हूं और एक मैडम भी यहीं कोर्स किए हुए हैं जो पैथोलॉजी लैब चला रहें हैं। वैसे तो बता दे कि यह एक पैरामेडिकल कोर्स हैं जो मेडिकल प्रयोगशालाओं में काम करने के लिए आवश्यक हैं किन्तु यह विभिन्न रोगों का जांच व रिपोर्ट तैयार नहीं कर सकते हैं उसके बाद भी यह कार्य किया जा रहा हैं।

बिना रजिस्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहे पैथोलॉजी लैब की जानकारी हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग को भी है, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कोचेवाही में कलेक्शन सेंटर की आड़ में पैथोलॉजी लैब खोला गया हैं। सूत्र की मानें तो ऐसे कलेक्शन सेंटर ब्लड सैंपल तो लेते हैं,




लेकिन रख-रखाव ठीक नहीं होने से मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं दे पा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ज्यादातर पैथोलॉजी में जांच करने वाले डॉक्टर का नाम ही नहीं पता होता हैं। गांव-कस्बों को छोड़ दें, तो शहर में ही कई पैथोलॉजी ऐसे हैं, जो एक कमरे में और संकरी गलियों में चल रहे हैं, जिनमें अप्रशिक्षित कर्मियों से काम लिया जाता हैं।

### संचालन के पिछे किसका हाथ

लोगों का कहना हैं कि कोचेवाही में आर्शिवाद पैथोलॉजी के संचालन के पीछे स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत जरुरी होगी। इनके फलने-फूलने के पीछे ऐसे गांव के चिकित्सकों की भी कम भूमिका नहीं है, जो अधिक कमीशन के चक्कर में इन लैब में अपने मरीजों को जांच के लिए भेज देते हैं। ऐसे ज्यादातर पैथोलॉजी में न तो चिकित्सक और न प्रशिक्षित कर्मी होते हैं। सेंटर की आढ़ में जांच के नाम पर मरीजों से पैसा वसूलना ही इनका मकसद रहता है। इस सच्चाई को जानकर भी स्वास्थ्य महकमा चुप्पी साधे रहता हैं। अब देखना होंगा की आगे की क्या कार्यवाही होती हैं।

### इनका कहना हैं

कोचेवाही में आर्शिवाद पैथोलॉजी लैब एण्ड कलेक्शन सेंटर का संचालन किया जा रहा हैं, जिसकी जानकारी आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया हैं। जल्द ही जॉच टीम गठित कर जांच कि जायेगी और गलत पाये जाने पर अवश्य ही कार्यवाही की जायेगी।

**डॉ. परेश उपलप**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बालाघाट**

## जिले में नैनो डीएपी एवं यूरिया का बढ़ रहा है उपयोग

### किसान उठा चुके हैं नैनो डीएपी एवं यूरिया की 07 हजार बाटल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को तरल उर्वरक नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे जिले के किसानों का नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग के प्रति रूझान बढ़ रहा है और वे इसका उपयोग करने लगे हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि चालू खरीफ सीजन में किसानों के उपयोग के लिए सहकारी समितियों द्वारा तरल उर्वरक नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का भंडारण किया गया है और किसानों को इसका विक्रय किया जा रहा है। चालू सीजन में अब तक किसानों द्वारा नैनो डीएपी की 03 हजार एवं नैनो यूरिया की 04 हजार बाटल का उठाव किया जा चुका है। जिले में वर्तमान में नैनो डीएपी की 10 हजार एवं नैनो यूरिया की 15 हजार बाटल उपलब्ध हैं। तरल उर्वरक नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की प्रत्येक बाटल 500 मिलीलीटर अर्थात आधे लीटर की है। नैनो डीएपी की एक बाटल की दाम 600 रुपये और नैनो यूरिया की एक बाटल का दाम 225 रुपये है।

तरल उर्वरक नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए उसे पानी में मिलाकर स्प्रेयर पंप की मदद से फसलों में छिड़काव किया जाता है। इसके लिए प्रति लीटर पानी में 04 मिलीलीटर तरल उर्वरक मिलाकर घोल तैयार करना होता है। स्ट्रेचियर पंप की टंकी 16 लीटर की हो तो उसमें तरल उर्वरक की बोतल के ढक्कन से ढाई ढक्कन तरल उर्वरक मिलाना होगा। तरल उर्वरक नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया ठोस उर्वरक की तुलना मे पौधों के लिए अधिक उपयोगी एवं लाभदायक होता है। तरल होने के कारण इसकी बाटलों का परिवहन भी आसान होता है।

## सांदीपनि विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने 23 जुलाई को सांदीपनि विद्यालय खैरलांजी का अकादमिक निरीक्षण किया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल भी शामिल हुए और पौधारोपण किया।

### क्यूआर कोड स्कैन कर मोबाईल पर प्राप्त की जा सकती है अस्पतालों की सूची

# आयुष्मान भारत निरामयम योजना की पुस्तिका का क्यूआर कोड जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग को एक साल में 05 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना में आयुष्मान कॉर्ड धारक व्यक्ति का उपचार योजना में पंजीकृत अस्पताल में किया जाता है। मरीज के उपचार पर आए खर्च की राशि शासन द्वारा संबंधित अस्प्ताल को प्रदान कर दी जाती है।

इस योजना की जानकारी देने के लिए आयुष्मान भवः फाउण्डेनशन बालाघाट द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम पुस्तिका तैयार की गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा द्वारा इस पुस्तिका का 18 जुलाई को विमोचन किया गया है। इस पुस्तिका में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत बालाघाट, गोंदिया, भंडारा, तुमसर, साकोली, मण्डमला, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं नागपुर के अस्प्तालों की मोबाईल नंबर सहित सूची दी गई है। इस सूची में यह भी बताया गया है कि किस अस्पताल में कौन सी बीमारी का उपचार कराया जा सकता है। अब यह पुस्तिका फाउण्डे शन द्वारा पीडीएफ फार्मेट में उपलब्ध करा दी गई। इसके लिए पुस्तिका का क्यू आर कोड जारी कर दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति अपने एंड्रायड मोबाईल पर क्यूआर कोड को स्कैनर या गूगल लैंस के द्वारा स्कैन कर पुस्तिका में दी गई अस्पतालों की सूची, उनमें उपचार की जाने वाली बीमारी एवं स्थान के नाम पढ़ सकता है। मोबाईल नंबर 9907574286 पर सम्पर्क करके भी पुस्तिका का पीडीएफ फार्मेट प्राप्त किया जा सकता है।

# बीमार पशुओं के उपचार के लिए घर पहुंच सेवा

### किसान एवं पशुपालन टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल कर ले सकते है सेवा का लाभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रदेश के सभी पशु पालकों को घर पहुंच पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए मप्र शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलित पशु चिकित्सा ईकाई संचालित की जा रही है। इसके लिए सम्पूर्ण मप्र में कुल 406 चलित ईकाईयॉ प्रदाय की गई है। बालाघाट जिले के सभी 10 विकासखंडों के लिए 01-01 एवं जिला मुख्यालय के लिए एक अतिरिक्त ईकाई इस प्रकार कुल 11 चलित ईकाई उपलब्ध कराई गई है। किसान एवं पशुपालक अपने बीमार पशुओं के उपचार के लिए 1962 नम्बर पर कॉल कर इस सेवा का लाभ ले सकते है।

उपसचांलक पशु चिकित्सा सेवा ने बताया कि चलित पशु चिकित्सा वाहन आधुनिक उपकरणों एवं यंत्रों से सुसज्जित है। इसमें कुशल तकनीकी योग्यताधारी पशु चिकित्सक एवं पैरावेटनरी स्टॉफ नियुक्त किया गया है। 1962 नम्बर पर कॉल आते ही चलित ईकाई द्वारा पशु पालकों को बीमार पशुओं के उपचार के लिए घर पहुंच सेवा प्रदाय की जाती है। डॉ. पुरी ने बताया कि इस सेवा का लाभ लेने के लिए पशुपालकों को टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल करके भोपाल स्थित कॉल सेंटर में अपने बीमार पशु से संबंधित समस्या अवगत कराना होता है। कॉल सेंटर में जानकारी मिलने के बाद 04 से 12 घंटे के भीतर चलित ईकाई पशु पालक के घर पहुंचकर बीमार पशु का उपचार करती है।

इस चलित ईकाई में पशु उपचार के साथ-साथ बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु जॉंच आदि की सुविधा उपलब्ध है। इस चलित ईकाई की सेवा लेने के लिए पशुपालक से कुछ शुल्क लिया जाता है। बड़े पशु गाय, भैंस आदि के उपचार के लिए 150 रुपये, 01 से 10 की संख्या तक के छोटे पशु भेड़, बकरी आदि के लिए 150 रुपये तथा कुत्ते एवं बिल्ली के उपचार के लिए 300 रुपए की राशि ली जाती है। किसानों एवं पशुपालकों से अपील की गई है कि इस चलित पशु चिकित्सा ईकाई का अधिक से अधिक लाभ उठाए और 1962 नम्बर पर कॉल कर अपने बीमार पशु का घर बैठे उपचार कराए।

## अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 10 हजार 506 छात्र छात्राओं का पोर्टल पर हुआ पंजीयन

**बालाघाट।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक एवं कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशीप पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए छात्र छात्राओं का ओटीआर (वन टाईम रजिस्ट्रेशन) करना होता है। एक बार ओटीआर हो जाने के बाद आने वाले वर्षों में छात्र वृत्ति के लिए आवेदन करते समय इसी पंजीयन नम्बर का उपयोग कर आवेदन किया जा सकता है। जिले में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कुल 22 हजार 643 छात्र छात्राएँ है इनमें से 10 हजार 506 छात्र छात्राओं का ओटीआर हो चुका है।

# बोल बम समिति उकवा द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा संपन्न



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** बोल बम समिति उकवा के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के इस पावन पर्व पर सोमवार को रेनजॉफिस चौक (उकवा ) से बाबा मंडी धाम परसाटोला के लिए विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया,,जिसमे ग्राम उकवा एवं आस पास के सभी ग्रामों के शिव भक्त सम्मिलित हुए एवं भोले बाबा को जल अर्पित करने के लिए सुबह 6 बजे रेंज ऑफिस चौक उकवा के शिव मंदिर में एकत्र होकर शिव की झांकियों एवं डीजे की धुन में बोल बम के जयकारो के साथ बाबा धाम के लिए निकल पड़े ।।हजारों की संख्या में शिव भक्त एवं नन्हे शिव भक्तों की टोली ने संपूर्ण नगर का भ्रमण किया जहां जगह जगह ग्रामीणों के द्वारा उनका स्वागत कर पुष्प वर्षा की।।संपूर्ण रास्ते में भक्तों द्वारा जलपान, फल,आदि की व्यवस्था भी की गई थी।। समिति के मुख्य आयोजक आकाश अग्रवाल ,,पुष्पेंद्र गुप्ता जी डोरा ,,मनोज अग्रवाल,,तरूण रावल,,सर्व समाज सेवक तपन राजा चौधरी,, ऋषभ अग्रवाल,,मुकेश गोयल,,वैभव चौकसे,,नेमी गौतम,,सौरभ अग्रवाल,,अनुज चौकसे,,राहुल गिरी,,जागीर क्षत्रिय एवं समस्त सदस्यों कावड यात्रा को सफल बनाने के लिए समस्त शिव भक्तों, ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा मंडी परसाटोला धाम में विशाल त्रिशूल समिति के सदस्यों द्वारा अर्पण किया गया।।ुष्पेंद्र गुप्ता डोरा द्वारा संगीत मय आरती एवं भजन का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा के समापन पर बाबा मंडी धाम परसाटोला में महा प्रसादी (भोजन )का आयोजन मनोज अग्रवाल ट्रांसपोर्टर उकवा के द्वारा सभी भक्तो के लिए किया गया।

# स्कूल परिसर में पीपल का पौधा किया रोपित



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

नगरपालिका परिषद मलाजखंड के वार्ड क्रमांक 11 कोहकाटोला लोरा में 22 जुलाई को बोधिसत्व डा. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष धम्म वंदना, पूजा वंदना की गई। साथ ही स्व. बैगालाल यैगारे के 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद प्राथमिक शाला कोहकाटोला लोरा प्रांगण में बोधिवृक्ष यानी पीपल का पौधा लगाया गया। इसके बाद मलाजखंड बौद्ध विहार में पूज्य भंते जी को भोजनदान कराया गया। इस मौके पर अशोक यौगारे,किशन उके, दतराज यैगारे, पार्वती यैगारे, शिव कुमार उके, सुनीता यैगारे, अनुरेखा यैगारे, विशाल यैगारे सहित बौद्ध समिति लोरा के उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# बीईओ ने एनसीसी के बच्चों को बंजर भूमि पुर्नग्रहण का व्याखान व पौधारोपण का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में बीईओ ने एनसीसी के बच्चों को बंजरभूमि पुनर्ग्रहण या सुधार (वेस्टलैंड रिक्लेमेशन) के बारे में व्याख्यान और पौधा रोपण का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के ग्रूप न०241 के 32 कैडेट्स ने भाग लिया। एमपी बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी. के.गुप्ता के निर्देशानुसार इस व्याख्यान व पौधा रोपण का आयोजन किया गया था। उस व्याख्यान के दौरान पूर्व एनसीसी ऑफिसर एवं बीईओ गणेश सोनी उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी. आर. पटटावी ,सुश्री के. जागडे, श्री. एस. तिवारी, श्री धिरेन्द्र श्रीवास एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे, इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कैडेट्स को पर्यावरणीय मुद्दों, विशेषतः बंजर भूमि के संरक्षण और पुनरुदाब के उपायों के प्रति जागरुक करना था।कार्यक्रम के मुख्य मुख्य वक्ता B.E.O किरनापुर श्री जी पी. सोनी ने बजर भूमि की पहचान, कारण और उसे पुनः उपजाऊ बनाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने जल संरक्षण, वृक्षारोपण की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही और उन्होने भी विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीया साझा की। साथ ही NCC कैडेस को विशेष रूप से इस विषय पर शिक्षित किया गया और उनके बीच पर्यावणीय दायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया और अंततः पौधा रोपण कि कार्य किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन NCC प्रभारी CTO श्रीमती वर्षा चौरागड़े ने किया।

# परसवाड़ा विधायक मधु भगत का बयान : मांडू का नव संकल्प शिविर कांग्रेस के लिए बना नई ऊर्जा का स्रोत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने धार जिले के मांडू में आयोजित कांग्रेस के नव संकल्प शिविर को सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने वाला मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों की सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि यह न केवल हमें आत्ममंथन का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि संगठन को नई दिशा, विचार और जोश से भी भर देते हैं। कई बार विधायक और जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर इतने व्यस्त रहते हैं कि व्यापक मुद्दों पर चिंतन और विमर्श का अवसर नहीं मिल पाता, ऐसे में नव संकल्प शिविर जैसे आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं बल्कि कार्यशैली में नयापन लाने का माध्यम भी बनते हैं। यह शिविर कांग्रेस के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जनचेतना आंदोलन की शुरुआत है, जो जनता के अधिकारों की बुलंद आवाज़, सामाजिक न्याय की पुनर्पुष्टि और संगठनात्मक मजबूती की भावना को उजागर करता है। मांडू की ऐतिहासिक धरा पर जब प्रदेश के कोने-कोने से आए कांग्रेसजन एकत्रित हुए, तो वहां केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं हुआ बल्कि जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को गहराई से समझने की दिशा में ठोस रणनीति बनाई गई। विधायक मधु भगत ने इस शिविर को कांग्रेस संगठन के लिए आत्मविश्लेषण का एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को धरातल पर साकार करने के लिए बालाघाट जिले के सभी कांग्रेस विधायक अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तैयारी और ईमानदारी के साथ लगे हुए हैं। वे जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हुए, उसे केवल सड़कों पर नहीं बल्कि विधान सभा जैसे उच्च मंचों पर उठाने को भी प्रतिबद्ध हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस का हर सिपाही आज इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है कि किसी भी व्यक्ति की आवाज़ दबे नहीं, हर गरीब, किसान, श्रमिक और युवा की बात लोकतंत्र के मंच तक पहुंचे। हमारी प्राथमिकता है— हर पीड़ित की आवाज़ बनना, हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना, और हर क्षेत्र में जनसेवा की नई मिसाल कायम करना। विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल स्वभाव संघर्ष और सेवा का संगम है। यह पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि विचार और सिद्धांत आधारित आंदोलन है, जिसकी नींव गांधी, नेहरू, पटेल और इंदिरा गांधी जैसे महान नेताओं ने रखी है। हम उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। सेवा ही हमारा संकल्प है, और संघर्ष ही हमारा संस्कार। वर्तमान समय में जब लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, तब कांग्रेस का यह नव संकल्प शिविर एक नई चेतना और सामूहिक प्रतिरोध की नींव रखता है। मांडू से उठी यह आवाज़ अब हर जिले, हर गांव, हर मोहल्ले में गूंजेगी। यह केवल एक चिंतन नहीं बल्कि एक चारित्रिक परिवर्तन की प्रक्रिया है, जो जनसेवकों को फिर से जनता के बीच ले जाएगी। कांग्रेस आज भी जनता के लिए, जनता के साथ और जनता की आवाज़ बनकर खड़ी है। विधायक मधु भगत ने अंत में कहा कि यह नव संकल्प शिविर कांग्रेस की उस विचारधारा को और प्रखर बनाता है जिसमें सबका साथ, सबका विकास₹ केवल नारा नहीं बल्कि एक वास्तविकता बनती है। जब तक एक भी नागरिक पीड़ा में है, तब तक कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेगा। जनता का विश्वास ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और हम उसी विश्वास को निभाने के लिए कटिबद्ध हैं। मांडू से मिला यह नव संकल्प अब बालाघाट से लेकर भोपाल और दिल्ली तक गूंजेगा।

# भाजयुमो ने चंद्रशेखर आजाद की मनाई जयंती

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नगर भाजयुमो द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से देश के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक की जन्म जयंती मनाई गई। हनुमान चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर भारत माता की जय के जयघोष लगाए और वीर क्रांतिकारियों को याद किया। साथ ही भाजयुमो ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में शौर्य स्मारक बनाने का की मांग रखी। भाजयुमो के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने कहा कि मप्र की माटी में जन्मे आजाद चंद्रशेखर ने अंग्रेजों की गोली से मरने के बजाय स्वयं ही खुद को गोली मारकर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। युवा साथी उनके जीवन से प्रेरणा लें। उनके कार्यों को आत्मसात करें। जैनेंद्र कटरे ने बताया कि युवा पीढ़ी देश की आजादी में हमारे वीर क्रांतिकारियों के योगदान और उनके व्यक्तित्व से परिचित हों, इसके लिए शौर्य स्माकर की मांग रखी गई है। आज ये जरूरी है कि युवा ऐसे क्रांतिकारियों से परिचित हों। नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजयुमो ने एक अच्छे विषय को लेकर ध्यान आकर्षित कराया है। इस पुनीत कार्य में भाजपा और नपा सहयोग करेगा। जल्द ही इस पर काम



शुरू किया जाएगा। इस मौके पर नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री मौसम बिसेन, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सुमित यादव, हेमेंद्र क्षीरसागर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज, गणेश अग्रवाल, खगेश कावरे, कमलेश पांचे, वकील वाधवा, उज्जवल आमाडारे, प्रसन्न कांकरिया, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, अमोल मिश्रा, राजू छत्री, जीतू राजपूत, संजय गोमासे, हिमांशु चौकसे, दीपक लिल्हारे, रंजीत गोयल, सोनू कसार, सिद्धार्थ बाजपेई, कैलाश बालचंदानी, विशाल मंगलानी, संतोष सिंघारे, शुभम शिवाले, जय गिरी, विजय धामड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

### आम सूचना

हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह पंजीयन हेतु आवेदकगण रविशंकर कोहरे उम्र 31 वर्ष पिता श्री उमराव कोहरे जाति गोवारी निवासी चिचौली तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट(म.प्र.) एवं आवेदिका रीतु मर्सकोले उम्र 24 पिता श्री सदाशिव मर्सकोले जाति गोंड निवासी चिचौली तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं जिसमें उन्हें विवाह पंजीयन जारी किया जाना हैं। विवाह पंजीयन हेतु सुनवाई दिनांक 29.07.2025 नियत की गई हैं। अतः उक्त विवाह पंजीयन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 29.07.2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बालाघाट(म.प्र.)**

### 24 घंटे में जिले में 4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 23 जुलाई 2025 तक 662 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 481 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।